मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड

(मध्यप्रदेश शासन का उपक्रम)

ब्लॉक न. 09, शक्ति भवन, रामपुर, जबलपुर - 482008


क्रमांक - का.नि.(मा.सं.एवं प्र.)/मप्रपॉजकलि/भर्ती/2025-26/4811 जबलपुर, दिनांक 15/10/2025

# मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड में विभिन्न संवर्गों के पदों पर सीधी भर्ती हेतु विस्तृत विज्ञापन/ नियम पुस्तिका - 2025-26

मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पॉ.ज.कं.लि.), पूर्ववर्ती म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनी है एवं मध्यप्रदेश शासन के पूर्ण स्वामित्व का उपक्रम है तथा प्रदेश में विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में कार्यरत है । म.प्र.पॉ.ज.कं.लि. अपने ताप एवं जल विद्युत संयंत्रों के संचालन-संधारण, नवीन संयंत्रों के निर्माण एवं अन्य आवश्यकताओं हेतु विभिन्न संवर्गों के पदों पर, सीधी भर्ती के माध्यम से चयन एवं नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित करती है ।

इस नियम पुस्तिका में जब तक अन्यथा उल्लेखित ना किया गया हो, कंपनी अथवा संगठन शब्द का अर्थ मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (म.प्र.पॉ.ज.कं.लि.) है ।

## 1. विज्ञापित पद, पदों की संख्या, पद कोड, श्रेणीवार पदों की जानकारी एवं अन्य

| संवर्ग | पद नाम | पद कोड | पद का प्रकार | श्रेणीवार पदों की संख्या | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | |
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J |
| **द्वितीय श्रेणी के पद** | | | | | | | | | |
| सहायक अभियंता (उत्पादन) | सहायक अभियंता (उत्पा.) - मैकेनिकल | P01 | नियमित | 4 | 3 | 3 | 4 | 1 | **15** |
| | सहायक अभियंता (उत्पा.) - इलेक्ट्रिकल | P02 | नियमित | 4 | 3 | 2 | 4 | 2 | **15** |
| | सहायक अभियंता (उत्पा.) - इलेक्ट्रॉनिक्स | P03 | नियमित | 4 | 2 | 3 | 4 | 2 | **15** |
| पाली रसायनज्ञ | पाली रसायनज्ञ | P04 | नियमित | 2 | 0 | 4 | 2 | 2 | **10** |

| संवर्ग | पद नाम | पद कोड | पद का प्रकार | श्रेणीवार पदों की संख्या | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | |
| A | B | C | D | E | F | G | H | I | J |
| **तृतीय श्रेणी के पद** | | | | | | | | | |
| कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - मैकेनिकल | P05 | नियमित | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | **20** |
| | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - इलेक्ट्रिकल | P06 | नियमित | 6 | 3 | 4 | 5 | 2 | **20** |
| | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - इलेक्ट्रॉनिक्स | P07 | नियमित | 5 | 4 | 4 | 5 | 2 | **20** |
| कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन | कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन | P08 | नियमित | 3 | 3 | 3 | 5 | 2 | **16** |
| **कुल** | | | | **34** | **21** | **27** | **34** | **15** | **131** |

**नोट :-**

1. मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, किसी भी समय किसी भी संवर्ग/पद के विज्ञापित पदों की संख्या अपनी आवश्यकता अनुसार बढाने एवं घटाने या पूर्ण पदों को भरने या आंशिक रूप से पदों को भरने या ना भरने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है ।
2. मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड, किसी भी समय आंशिक अथवा पूर्ण भर्ती प्रक्रिया को रद्द अथवा स्थगित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है । इस हेतु कंपनी कोई भी कारण दिये जाने हेतु बाध्यकारी नही होगी ।
3. विज्ञापित पदों के संबंध में विभिन्न श्रेणी एवं वर्ग के आरक्षित पदों की जानकारी इस नियम पुस्तिका के **"परिशिष्ट - दो"** में प्रदान की गई है ।
4. अन्य पिछडा वर्ग (OBC) के आरक्षण से संबंधित याचिकाओं के लंबित रहने की अवधि में परीक्षा परिणाम सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29/09/2022, क्रमांक एफ 3/1/2/0014/2023-जीएडी-आर.सी.-01(जीएडी) दिनांक 26/06/2023, क्रमांक एफ-07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 09/05/2023 एवं ऊर्जा विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक एफ 02-05/2015/तेरह दिनांक 23/05/2023, क्रमांक एफ 02-05/2015/तेरह दिनांक 30/06/2023 के अनुसार विज्ञापित पदों के 87%

पदों (मुख्य भाग) पर जारी किया जाएगा एवं शेष 13% पदों का परिणाम उपरोक्त याचिकाओं के संदर्भ में अंतिम निर्णय के अध्यधीन होगा । विज्ञापित पदों के मुख्य भाग (87%) एवं शेष भाग (13%) की जानकारी इस नियम पुस्तिका के **"परिशिष्ट-दो"** में प्रदान की गई है ।

**2. सीधी भर्ती हेतु विस्तृत नियम एवं शर्तें:-**

विज्ञापित पदों के संबंध में आवश्यक शैक्षणिक योग्यता, आयु सीमा, आरक्षण, लागू वेतन, नियम, निर्देश एवं शर्तें तथा अन्य जानकारी इस नियम पुस्तिका के "**परिशिष्ट - एक**" में प्रदान की गई है ।

**3. चयन प्रक्रिया :-**

1. आवेदकों का संबंधित पद पर चयन, कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (Computer Based Test) (CBT) में प्राप्त अंको के आधार पर किया जावेगा । कम्प्यूटर आधारित परीक्षा 100 अंको की होगी जिसमें प्रत्येक प्रश्न 01 अंक का बहुविकल्पीय होगा ।
2. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी । चयनित आवेदकों को संबंधित पद के श्रेणीवार एवं वर्गवार विज्ञापित पदों के अनुपात में आवश्यकता अनुसार दस्तावेज सत्यापन हेतु आमंत्रित किया जावेगा ।
3. सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र.शासन द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 299 दिनांक 31/05/2018 के अनुसार यदि आवेदक जिला श्योपुर, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, गुना तथा अशोकनगर की सहारिया/ सहरिया आदिम जनजाति; जिला मण्डला, डिण्डौरी, शहडोल, उमरिया, बालाघाट तथा अनूपपुर की बैगा आदिम जनजाति तथा जिला छिंदवाड़ा तथा सिवनी की भारिया जनजाति का है एवं पद कोड- P05, P06, P07 एवं P08 हेतु आवेदन करता है और विज्ञापित पद के लिए विहित की गई न्यूनतम अर्हता (शैक्षणिक, आवश्यक कार्यानुभव एवं अन्य, जैसा भी लागू हो) रखता है, तो उसे भर्ती प्रक्रिया को अपनाये बिना उक्त पद पर नियुक्त किया जावेगा। ऐसे उम्मीदवारों की संबंधित पद पर नियुक्ति, निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के आधार पर, मेरिट अनुसार, अनुसूचित जनजाति के विज्ञापित पदों के विरुद्ध ही की जावेगी। अत: आवेदको को सलाह दी जाती है कि वे कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (Computer Based Test) (CBT) मे सम्मिलित होकर सामान्य भर्ती प्रक्रिया मे भी भाग ले।

**4. <u>कम्प्यूटर आधारित परीक्षा:-</u>**

1. कम्प्यूटर आधारित परीक्षा, म.प्र. राज्य के शहरों में आयोजित की जावेगी ।
2. आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरण भरते समय दिये गये परीक्षा शहर के विकल्पों में से अपनी इच्छानुसार शहरों को वरीयता के आधार पर चयन करना होगा । आवेदन जमा करने के उपरांत आवेदक द्वारा परीक्षा शहरों में कोई भी संशोधन करने संबंधी अनुरोध पर विचार नही किया जावेगा । आवेदक द्वारा चुने हुये परीक्षा शहर का आवंटन परीक्षा शहर में परीक्षा केंद्रों, क्षमता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जावेगा । चुने हुये शहरों के अतिरिक्त भी परीक्षा शहर आवंटित किया जा सकता है ।
3. परीक्षा शहर एवं केंद्र के आवंटन के संबंध में म.प्र.पॉ.ज.क.लि. का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा ।
4. कंपनी परीक्षा शहरों/ केंद्रों को आवश्यकता अनुसार जोडने तथा हटाने हेतु अधिकार सुरक्षित रखती है । म.प्र.पॉ.ज.क.लि. किसी भी समय बिना कोई कारण बताये परीक्षा शहरो/ परीक्षा केंद्रों को कम अथवा ज्यादा कर सकती है ।
5. आवंटित शहर एवं परीक्षा केंद्र की जानकारी आवेदक को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा हेतु जारी ई-प्रवेश पत्र के माध्यम से दी जावेगी ।
6. परीक्षा केंद्रों मे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणो यथा मोबाईल फोन, टैबलेट, डिजिटल डायरी, इत्यादि का प्रवेश एवं उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। आवेदक परीक्षा केंद्रों में प्रवेश के पूर्व, ई-प्रवेश पत्र मे दिये गये अनुदेशों का सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें ।
7. मदिरा एवं नशीले पदार्थों का सेवन पूर्णत: प्रतिबंधित है, नशे की अवस्था मे आवेदक को परीक्षा केंद्र मे प्रवेश की अनुमति नही दी जायेगी ।

**5. <u>आवेदन शुल्क एवं अन्य प्रभार (जी.एस.टी. सहित)</u>**

| | |
|---|---|
| अनारक्षित वर्ग (UR) के आवेदकों हेतु | - रुपये 1200/- |
| म.प्र. के मूल निवासी अनुसूचित जाति (SC)/ अनुसूचित जनजाति (ST)/ अन्य पिछडा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) (OBC)/ दिव्यांगजन (PwD)/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के आवेदकों हेतु | - रुपये 600/- |

आवेदन शुल्क नॉन रिफंडेबल है तथा किसी भी स्थिति में वापस नही किया जावेगा ।

1. आवेदन शुल्क का भुगतान केवल ऑनलाइन माध्यम (नेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ यू.पी.आई) से ही स्वीकार किया जावेगा । आवेदन शुल्क जमा किये जाने हेतु ऑनलाइन आवेदन में भुगतान विकल्प प्रदान किये गये हैं ।
2. ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा किये जाने हेतु बैंक लेन देन शुल्क, यदि लागू हो, का वहन आवेदकों द्वारा ही किया जायेगा ।
3. आवेदन शुल्क एवं अन्य शुल्क, जैसा लागू हो, एक बार भुगतान करने के बाद न तो किसी भी परिस्थिति में वापस किया जाएगा और न ही इन्हें किसी अन्य भर्ती या चयन के लिए सुरक्षित किया जावेगा । उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे आवेदन शुल्क तथा अन्य शुल्कों का भुगतान करने से पहले अपनी पात्रता नियम पुस्तिका में उल्लेखित शर्तों अनुसार स्वयं सुनिश्चित कर लें ।
4. किसी भी आवेदक द्वारा किसी पद हेतु एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत नहीं किये जाये । किसी भी उम्मीदवार द्वारा एक पद हेतु एक से अधिक आवेदन करने कि स्थिति में, उस उम्मीदवार का केवल नवीनतम पूर्ण आवेदन ही योग्य एवं मान्य होगा । अन्य, एक से अधिक आवेदनों के लिए भुगतान किया गया आवेदन शुल्क एवं अन्य शुल्क वापस नही किया जायेगा ।

**6. <u>आवेदन कैसे करे:</u>-**

1. आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से, एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (https://chayan.mponline.gov.in) पर ही स्वीकार किये जायेगे । अन्य किसी माध्यम से प्राप्त आवेदन मान्य नही किये जायेंगे ।
2. ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु विस्तृत दिशानिर्देश/ जानकारी एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (https://chayan.mponline.gov.in) के पोर्टल मे उपलब्ध है ।
3. आवेदक ऑनलाइन आवेदन भरने के पूर्व एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (https://chayan.mponline.gov.in) के पोर्टल मे दिये गये अनुदेशो एवं मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की वेबसाईट (https://mppgcl.mp.gov.in) में दी गई भर्ती नियम-पुस्तिका का सूक्ष्मता से अध्ययन कर लें ।
4. आवेदक के पास स्वयं का ई-मेल आई.डी एवं मोबाईल नम्बर होना आवश्यक है । आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन मे पंजीकृत ई-मेल आई.डी एवं मोबाईल नम्बर का आगामी एक वर्ष तक क्रियाशील होना आवश्यक है । ऑनलाइन आवेदन में पंजीकृत ई-मेल आई.डी एवं मोबाईल नम्बर को परिवर्तित नही किया जा सकेगा । कंपनी द्वारा सभी महत्वपूर्ण पत्राचार ऑनलाइन आवेदन मे आवेदक द्वारा पंजीकृत ई-मेल आई.डी अथवा मोबाईल नम्बर पर ही किये जायेगे ।

5. आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज अपलोड किया जाना आवश्यक है:-

    i. कक्षा दसवीं (10th) की अंकसूची ।
    ii. म.प्र. स्थायी निवास प्रमाण पत्र (म.प्र. के मूल निवासी आवेदकों हेतु) ।
    iii. जाति प्रमाण पत्र (म.प्र के मूल निवासी आरक्षित वर्ग के आवेदकों हेतु) ।
    iv. वैध एवं मान्य आय एवं सम्पत्ति का प्रमाण पत्र (म.प्र. के मूल निवासी आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों हेतु) ।
    v. वैध एवं मान्य आय प्रमाण पत्र (अन्य पिछडा वर्ग (गैर क्रीमि लेयर) के आवेदकों हेतु)
    vi. दिव्यांगता प्रमाण पत्र (म.प्र. के मूल निवासी दिव्यांग आवेदकों हेतु) ।
    vii. परिशिष्ट - एक अनुसार संबंधित पद हेतु निर्धारित शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची/ प्रमाण पत्र ।
    viii. अनुभव प्रमाण पत्र (पद कोड- P01, P02, P03, P05, P06 एवं P07 हेतु)।
    ix. आवेदक का नवीन छायाचित्र (Recent Photograph) ।
    x. आवेदक का हस्ताक्षर ।
    xi. आयु सीमा में छूट के संबंध में आवश्यक दस्तावेज ।

6. ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु सहायता के लिये आवेदन पोर्टल मे दिये गये "हेल्प डेस्क" टैब के माध्यम से संपर्क किया जा सकता है अथवा हेल्प लाईन नम्बर - +91-755-6720200 पर संपर्क किया जा सकता है ।

7. **<u>महत्वपूर्ण तिथियॉ:-</u>**

| **विवरण** | **दिनांक (सम्भावित)** |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीयन एवं आवेदन प्रारंभ होने की तिथि | 17/10/2025 (10:30 Hrs) |
| ऑनलाइन पंजीयन, आवेदन शुल्क भुगतान एवं आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि | 15/11/2025 (23:55 Hrs) |

उपरोक्त तिथियॉ आवश्यकता अथवा अन्य कारणों से परिवर्तित की जा सकती हैं ।

ऑनलाइन कम्प्यूटर आधारित परीक्षा एवं तत्पश्चात दस्तावेज सत्यापन की तिथियॉ नोटिस के माध्यम से म.प्र.पॉ.ज.क.लि. की वेबसाईट में पृथक से सूचित की जावेंगी । आवेदक परीक्षा हेतु ई-प्रवेश पत्र एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (https://chayan.mponline.gov.in) के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगें । आवेदकों को ई-प्रवेश पत्र डाउनलोड करने मे कोई कठिनाई अथवा परेशानी उत्पन्न होने पर हेल्प लाईन नम्बर +91-755-6720200 पर संपर्क कर सकते हैं ।

**8. महत्वपूर्ण**

1. कोई भी अतिरिक्त परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र/ जानकारी केवल मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड की वेबसाइट (https://mppgcl.mp.gov.in) एवं एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (https://chayan.mponline.gov.in) पर प्रकाशित की जायेगी ।
2. यह उम्मीदवारों के हित में है कि वे म.प्र.पॉ.ज.क.लि. की आधिकारिक वेबसाइट (https://www.mppgcl.mp.gov.in) एवं एम.पी. ऑनलाइन की वेबसाइट (https://chayan.mponline.gov.in) का नियमित रूप से अवलोकन करते रहें और भर्ती प्रक्रिया से संबंधित परिशिष्ट/ शुद्धिपत्र/ अपडेट/ नोटिस (यदि कोई हो) को नोट कर लें। यदि कोई उम्मीदवार नवीनतम अपडेट नोट करने में विफल रहता है तो इस संबंध में म.प्र.पॉ.ज.क.लि. की कोई जिम्मेदारी नही होगी । इस संबंध में किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जायेगा ।
3. आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन पत्र हर दृष्टि से सही भरना चाहिए और कोई भी जानकारी छिपाना नहीं चाहिए। यदि किसी भी उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर असत्य पाई जाती है, तो उसकी उम्मीदवारी/ नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के रद्द कर दी जाएगी और कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।
4. आवेदक को परीक्षा केंद्र पर ई-प्रवेश पत्र के प्रिंट आउट के साथ अपना एक फोटो युक्त मूल परिचय पत्र लाना आवश्यक है । किसी भी उम्मीदवार को ई-प्रवेश पत्र और फोटो युक्त मूल परिचय पत्र, जैसे मतदाता पहचान पत्र/ आधार कार्ड/ ड्राइविंग लाइसेंस/ पैन कार्ड/ पासपोर्ट के बिना प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी । उम्मीदवार की पहचान का मिलान फोटो युक्त परिचय पत्र से किया जाएगा । इसके अलावा उम्मीदवार को परीक्षा केंद्र में अपने नवीनतम रंगीन पासपोर्ट आकार के 02 फोटोग्राफ लाना आवश्यक है ।
5. आवेदन पत्र भरते समय ऑनलाइन आवेदन पोर्टल में दिये गये विस्तृत दिशा निर्देशों का अवलोकन करें ।
6. उम्मीदवारों को उनके हित में, सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने की निर्धारित अंतिम तिथि और समय तक प्रतीक्षा न करें और अंतिम तिथि से पहले ही अपना आवेदन पंजीकृत कर जमा कर देंवे । यदि उम्मीदवार अंतिम तिथि एवं समय पर अपना आवेदन जमा नहीं कर पाते हैं तो म.प्र.पॉ.ज.क.लि. की कोई भी जिम्मेदारी नहीं होगी ।

**मुख्य अभियंता (मा.संसा.एवं प्रशा.)**
**म.प्र.पा.ज.कं.लि., जबलपुर**

**परिशिष्ट-एक**

**सीधी भर्ती हेतु विस्तृत नियम एवं शर्तें**

**1. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव**

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| सहायक अभियंता (उत्पा.) - मैकेनिकल | P01 | 01. ए.आई.सी.टी.ई./यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) बी.ई/ बी.टेक अथवा ए.एम.आई.ई. डिग्री उत्तीर्ण ।<br><br>02. उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता के साथ राज्य/ केंद्र सरकार के पी.एस.यू. अथवा आई.पी.पी. (जिसमे कैप्टिव प्लांट शामिल नही) में ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों (कोयला आधारित) जिनकी उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट या उससे अधिक हो, के संचालन एवं रखरखाव मे निम्न अनुभव होना (संस्थान की नियमित स्थापना मे कार्यरत) अनिवार्य है :-<br><br>सहायक अभियंता (उत्पादन) के पद के समतुल्य (प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव ।<br><br>अथवा<br><br>कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) के पद के समतुल्य (सहायक प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।<br><br>(उपरोक्त हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का प्रमाणन/ सत्यापन किया जायेगा) |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| सहायक अभियंता (उत्पा.) - इलेक्ट्रिकल | P02 | 01. ए.आई.सी.टी.ई./ यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) बी.ई/ बी.टेक अथवा ए.एम.आई.ई. डिग्री उत्तीर्ण।<br><br>02. उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता के साथ राज्य/ केंद्र सरकार के पी.एस.यू. अथवा आई.पी.पी. (जिसमे कैप्टिव प्लांट शामिल नही) में ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों (कोयला आधारित) जिनकी उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट या उससे अधिक हो, के संचालन एवं रखरखाव मे निम्न अनुभव होना (संस्थान की नियमित स्थापना मे कार्यरत) अनिवार्य है :-<br><br>सहायक अभियंता (उत्पादन) के पद के समतुल्य (प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव<br><br>अथवा<br><br>कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) के पद के समतुल्य (सहायक प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।<br><br>(उपरोक्त हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का प्रमाणन/ सत्यापन किया जायेगा) |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| सहायक अभियंता (उत्पा.) - इलेक्ट्रॉनिक्स | P03 | 01. ए.आई.सी.टी.ई./यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन/ इंस्ट्रुमेंटेशन/ इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) बी.ई/ बी.टेक अथवा ए.एम.आई.ई. डिग्री उत्तीर्ण।<br><br>02. उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता के साथ राज्य/ केंद्र सरकार के पी.एस.यू. अथवा आई.पी.पी. (जिसमे कैप्टिव प्लांट शामिल नही) में ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों (कोयला आधारित) जिनकी उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट या उससे अधिक हो, के संचालन एवं रखरखाव मे निम्न अनुभव होना (संस्थान की नियमित स्थापना मे कार्यरत) अनिवार्य है :-<br><br>सहायक अभियंता (उत्पादन) के पद के समतुल्य (प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव<br><br>अथवा<br><br>कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) के पद के समतुल्य (सहायक प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव ।<br><br>(उपरोक्त हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का प्रमाणन/ सत्यापन किया जायेगा) |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| पाली रसायनज्ञ | P04 | ए.आई.सी.टी.ई./ यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से केमिकल इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) बी.ई/ बी.टेक. डिग्री अथवा नियमित (Regular) एम.एस.सी. (रसायन) स्नातकोत्तर डिग्री उत्तीर्ण।<br><br>अनारक्षित एवं म.प्र. के मूल निवासी अन्य पिछडा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 65% अंक (समतुल्य सी.जी.पी.ए.) / पूर्ववर्ती म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनियों में कार्यरत नियमित कार्मिकों हेतु न्यूनतम 60% अंक (समतुल्य सी.जी.पी.ए.) / म.प्र. के मूल निवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 55% अंको (समतुल्य सी.जी.पी.ए.) के साथ उपरोक्त शैक्षणिक योग्यता पूर्ण होना अनिवार्य हैं । |
| कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - मैकेनिकल | P05 | 01. ए.आई.सी.टी.ई./ यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) डिप्लोमा/ बी.ई./ बी.टेक. अथवा ए.एम.आई.ई. डिग्री उत्तीर्ण।<br><br>02. उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता के साथ राज्य/ केंद्र सरकार के पी.एस.यू. अथवा आई.पी.पी. (जिसमे कैप्टिव प्लांट शामिल नही) में ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों (कोयला आधारित) जिनकी उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट या उससे अधिक हो, के संचालन एवं रखरखाव मे निम्न अनुभव होना (संस्थान की नियमित स्थापना मे कार्यरत) अनिवार्य है :- |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| | | कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) के पद के समतुल्य (सहायक प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव ।<br>अथवा<br>संयंत्र सहायक/ वरिष्ठ संयंत्र सहायक (टेकनीसियन - आई.टी.आई. समतुल्य या उच्च) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव<br>(उपरोक्त हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का प्रमाणन/ सत्यापन किया जायेगा) |
| कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - इलेक्ट्रिकल | P06 | 01. ए.आई.सी.टी.ई./ यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इलेक्ट्रिकल/ इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) डिप्लोमा/ बी.ई./ बी.टेक. अथवा ए.एम.आई.ई. डिग्री उत्तीर्ण।<br>02. उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता के साथ राज्य/ केंद्र सरकार के पी.एस.यू. अथवा आई.पी.पी. (जिसमे कैप्टिव प्लांट शामिल नही) में ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों (कोयला आधारित) जिनकी उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट या उससे अधिक हो, के संचालन एवं रखरखाव मे निम्न अनुभव होना (संस्थान की नियमित स्थापना मे कार्यरत) अनिवार्य है :-<br>कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) के पद के समतुल्य (सहायक प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव ।<br>अथवा |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| | | संयंत्र सहायक /वरिष्ठ संयंत्र सहायक (टेकनीसियन-ई.टी.आई. समतुल्य या उच्च) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव।<br>(उपरोक्त हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का प्रमाणन/ सत्यापन किया जायेगा) |
| कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) - इलेक्ट्रॉनिक्स | P07 | 01. ए.आई.सी.टी.ई./ यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ संस्थान से इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इंस्ट्रुमेंटेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेलिकम्युनिकेशन/ इलेक्ट्रॉनिक्स एवं कम्युनिकेशन/ इंस्ट्रुमेंटेशन/ इंस्ट्रुमेंटेशन एवं कंट्रोल इंजीनियरिंग में नियमित (Regular) डिप्लोमा/ बी.ई./ बी.टेक. अथवा ए.एम.आई.ई. डिग्री उत्तीर्ण।<br>02. उपरोक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता के साथ राज्य/ केंद्र सरकार के पी.एस.यू. अथवा आई.पी.पी. (जिसमे कैप्टिव प्लांट शामिल नही) में ताप विद्युत उत्पादन इकाईयों (कोयला आधारित) जिनकी उत्पादन क्षमता 210 मेगावाट या उससे अधिक हो, के संचालन एवं रखरखाव मे निम्न अनुभव होना (संस्थान की नियमित स्थापना मे कार्यरत) अनिवार्य है :-<br>कनिष्ठ अभियंता (संयंत्र) के पद के समतुल्य (सहायक प्रबंधक) अथवा उच्च पद का न्यूनतम 3 वर्ष का कार्यानुभव ।<br>अथवा<br>संयंत्र सहायक /वरिष्ठ संयंत्र सहायक (टेकनीसियन-ई.टी.आई. समतुल्य या उच्च) |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| | | अथवा उच्च पद का न्यूनतम 5 वर्ष का कार्यानुभव।<br>(उपरोक्त हेतु आवेदक द्वारा प्रस्तुत अनुभव प्रमाण पत्र का प्रमाणन/ सत्यापन किया जायेगा) |
| कार्यालय सहायक श्रेणी-तीन | P08 | 1. राज्य शासन अथवा भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा मण्डल से हॉयर सेकेण्डरी परीक्षा (10+2) उत्तीर्ण ।<br>2. निम्नलिखित मान्यता प्राप्त संस्थानों में से किसी एक संस्था से एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा उत्तीर्ण करने का प्रमाण पत्र अनिवार्य है:-<br>(क) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा।<br>(ख) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा ।<br>(ग) NIELIT (पूर्ववर्ती DOEACC) से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा।<br>(घ) शासकीय पॉलीटेकनिक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स ।<br>(ङ) शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर आपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र।<br>उक्त मान्यता प्राप्त संस्थाओं से कम्प्यूटर डिप्लोमा के अलावा निम्न अर्हता भी मान्य होगी:-<br>(क) बी.ई. (सी.एस.ई./ आई.टी.)/ एम.सी.ए./ बी.सी.ए./ एम.एस.सी. (आई.टी./ सी.एस.)/ बी.एस.सी. (आई.टी./ सी.एस.)/ एम.टेक/ एम.ई. (आई.टी./ सी.एस.) उत्तीर्ण ।<br>(ख) ए.आई.सी.टी.ई. द्वारा मान्यता प्राप्त संस्थान से कम्प्यूटर साइंस/ कम्प्यूटर एप्लीकेशन/ इंफॉरमेशन टेक्नोलॉजी में पोलीटेक्निक डिप्लोमा उत्तीर्ण । |

| पद | पद कोड | शैक्षणिक योग्यता एवं कार्यानुभव |
|---|---|---|
| | | 3. MPSEDC (पूर्ववर्ती MAP-IT) द्वारा जारी सी.पी.सी.टी. उत्तीर्ण प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। आवेदक के पास वैध सीपीसीटी स्कोर कार्ड होना आवश्यक है जिसमे दो विषयो (कम्प्यूटर दक्षता एवं हिंदी टाइपिंग) मे एक ही परीक्षा मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। |

सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के मेमो क्र. सी-3-8/2016/1/3 दिनांक 22/09/2022 के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के आवेदकों को आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में निर्धारित न्यूनतम अर्हक अंक में 10% की छूट प्रदान की गई है ।

**2. आयु सीमा**

| पद कोड | आयु सीमा (दिनांक 01/01/2025 की स्थिति में ) | |
|---|---|---|
| | न्यूनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा |
| P01, P02, P03 एवं P04 | 21 वर्ष | 40 वर्ष |
| P05, P06, P07 एवं P08 | 18 वर्ष | 40 वर्ष |

उपरोक्त आयु सीमा सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के परिपत्र क्र. सी 3-8/2016/1/3 भोपाल दिनांक 04/07/2019 के अनुसार है ।

**3. आयु सीमा में छूट तथा आवश्यक निर्देश**

1. अभ्यर्थी की केवल वह जन्मतिथि स्वीकार की जावेगी जो हाई स्कूल/ हायर सेकेंडरी अथवा मेट्रिक्यूलेशन की अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेखित हो ।
2. अन्य पिछडा वर्ग के संबंध में लागू आयु सीमा में छूट केवल म.प्र. के मूल निवासी गैर क्रीमी लेयर उम्मीदवार पर ही लागू होगी । क्रीमी लेयर के उम्मीदवारों को अनारक्षित वर्ग माना जावेगा ।
3. पद कोड P01, P02, P03, P05, P06 एवं P07 हेतु कार्यानुभव के दृष्टिगत समस्त श्रेणी के आवेदकों को निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में 03 वर्ष अथवा 05 वर्ष (कार्यानुभव के दृष्टिगत जैसा लागू हो, अधिकतम 05 वर्ष) तक की छूट देय होगी । सभी प्रकार की छूट को

शामिल करते हुए किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग के लिये अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नही होगी ।

4. विक्रम पुरस्कार से सम्मानित खिलाडियों को सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के ज्ञापन क्र सी-3/18/85/3/1 दिनांक 03/09/1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जावेगी ।
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, म.प्र. शासन की अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत पुरस्कृत दम्पतियों के सवर्ण सहभागी को सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के ज्ञापन क्र सी-3/10/85/3/1 दिनांक 29/06/1985 के संदर्भ में अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट दी जावेगी ।
6. म.प्र. के मूल निवासी ऐसे उम्मीदवार, जो भूतपूर्व सैनिक हो, अपनी आयु सीमा में से उनके द्वारा पूर्व में की गयी सम्पूर्ण प्रतिरक्षा सेवा की अवधि कम करने की अनुमति दी जावेगी, बशर्ते कि इसके परिणामस्वरुप जो आयु निकले वह संबंधित पद हेतु निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से तीन वर्ष से अधिक न हो।
7. म.प्र. के मूल निवासी अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछड़ा वर्ग/ दिव्यांगजन/ महिला (अनारक्षित / आरक्षित) तथा म.प्र. के शासकीय निगम/ मण्डल/ स्वशासी संस्थानों के कर्मचारी/ नगर सैनिक आदि श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अधिकतम आयु सीमा में पांच (5) वर्ष की छूट प्रदान की जावेगी।
8. यदि कोई आवेदक निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में छूट के लाभ के लिए एक से अधिक आधार रखता है तो उसे अधिकतम लाभ वाले किसी एक आधार के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा में ही छूट का लाभ प्राप्त होगा ।
9. सभी प्रकार की छूट को शामिल करते हुए किसी भी स्थिति में किसी भी प्रवर्ग के लिए, अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी ।
10. म.प्र. के शासकीय/ निगम/ मण्डल/ स्वशासी संस्था के कर्मचारी/ नगर सैनिकों आदि को प्रदाय आयु सीमा में छूट केवल ऐसे उम्मीदवारों को देय होगी जो आवेदन पत्र भरने के पूर्व से दस्तावेज सत्यापन के समय म.प्र. के शासकीय/ निगम/ मण्डल/ स्वशासी संस्था/ नगर सेना आदि में निरंतर सेवारत हों ।
11. सभी आयु सीमा में छूट मध्य प्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार है, अतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछडा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला अभ्यर्थियों इत्यादि को आयु सीमा में छूट केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासी उम्मीदवारों के लिए लागू होगी अर्थात आयु सीमा में छूट का लाभ लेने हेतु म.प्र. का स्थायी निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है । (सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/एपी/ए, दिनांक 06/08/2012 के प्रावधानों के अनुसार)।

12. उपरोक्त वर्णित आयु सीमा के संदर्भ में छूट केवल सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी संबंधित प्रमाण पत्र के प्रस्तुत किये जाने पर ही लागू होगी ।
13. जिस आरक्षित श्रेणी हेतु पद विज्ञापित नही है, उन्हें आयु सीमा में छूट देय नही होगी किंतु आवेदन शुल्क में छूट तथा यात्रा भत्ते की पात्रता होगी ।
14. ऐसे उम्मीदवार जो कि पूर्ववर्ती म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनियों में नियमित रूप से कार्यरत हैं, को विभागीय उम्मीदवार के आधार पर अधिकतम आयु सीमा में पूर्णतः (सेवानिवृत्ति की आयु तक) छूट प्रदान की जाती है।

**4. <u>आरक्षण</u>**

1. आरक्षण हेतु म.प्र. लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जन जातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994 में निहित नियमों एवं उक्त नियम में लागू संशोधनों का पालन किया जावेगा । विज्ञापित पदों पर, आरक्षण के प्रावधान, सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र.शासन के पत्र क्रमांक 07-53/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 04/01/2020 के साथ संलग्न म.प्र राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना क्रमांक 530 दिनांक 24/12/2019 के द्वारा लागू सीधी भर्ती रोस्टर अनुसार किये गये हैं ।
2. मध्य प्रदेश के मूल निवासी दिव्यांग उम्मीदवारों (जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 40% या उससे अधिक है) हेतु क्षैतिज आरक्षण का प्रावधान सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण विभाग, म.प्र. शासन द्वारा जारी असाधारण राजपत्र क्रमांक 288 दिनांक 31/05/2022 के अनुसार लागू होंगे । सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्र. एफ-08-04/2001/आ.प्र./एक(पार्ट) दिनांक 18/12/2024 के अनुसार दिव्यांगजनों हेतु आरक्षण का लाभ, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता प्रमाण पत्र धारी बैंचमार्क दिव्यांगताओं वाले अभ्यार्थियों को ही देय होगा ।
3. मध्य प्रदेश राजपत्र (असाधारण) क्रमांक 454 दिनांक 17/11/2015 के अनुसार म.प्र. सिविल सेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम 1997 के अंतर्गत महिलाओं को 33% प्रतिशत आरक्षण समस्तर एवं प्रभागवार (हॉरिजॉन्टल एवं कम्पार्टमेंट वाइज) प्रदान किया जावेगा । महिलाओं हेतु आरक्षित पदों के विरुद्ध योग्य महिला उम्मीदवार ना मिलने की स्थिति में इन पदों को कैरी फॉरवर्ड नहीं किया जावेगा अपितु उसी श्रेणी के उपलब्ध योग्य पुरुष उम्मीदवारों द्वारा भरा जावेगा।
4. सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र.शासन के पत्र क्रमांक एफ 7-47/2016/आ.प्र./एक दिनांक 01/01/2018 के अनुसार धीवर, कहार, भोई, केवट, मल्लाह, निषाद जाति के जिन व्यक्तियों द्वारा ''मांझी'' अनुसूचित जनजाति के जाति प्रमाण पत्र के आधार पर दिनांक 11/11/2005 के पूर्व शासकीय सेवाओं में नियोजन कर लिया है, उन्हें संरक्षण प्रदान किया जाएगा, किन्तु

उक्त दिनांक के पश्चात उन्हें अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत नहीं मानते हुए आरक्षण का लाभ नहीं दिया जाएगा ।

5. मध्य प्रदेश के मूल निवासी भूतपूर्व सैनिकों को मध्य प्रदेश भूतपूर्व सैनिक (राज्य की सिविल सेवाओं तथा पदों तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी में रिक्तियों का आरक्षण) नियम 1985 के अनुसार तृतीय श्रेणी (पद कोड- P05, P06, P07 एवं P08) के पदों हेतु नियमानुसार 10% (दस प्रतिशत) समस्तर एवं प्रभागवार आरक्षण (हॉरिजॉन्टल एवं कम्पार्टमेंट वाइज) प्रदान किया जावेगा ।
6. सभी आरक्षण मध्य प्रदेश शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार है, अतः अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक एवं महिला अभ्यर्थियों इत्यादि को आरक्षण का लाभ केवल मध्य प्रदेश के मूल निवासी उम्मीदवारों के लिए लागू होगा अर्थात आरक्षण का लाभ लेने हेतु म.प्र. का स्थायी निवास प्रमाण पत्र अनिवार्य है । अन्य राज्यों के उपरोक्त श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को अनारक्षित माना जाएगा । (सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के पत्र क्रमांक 969/1197/2012/एपी/ए, दिनांक 06/08/2012 के प्रावधानों के अनुसार)।
7. सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र.शासन द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक 299 दिनांक 31/05/2018 के अनुसार यदि आवेदक जिला श्योपुर, मुरैना, दतिया, ग्वालियर, भिण्ड, शिवपुरी, गुना तथा अशोकनगर की सहारिया/ सहरिया आदिम जनजाति; जिला मण्डला, डिण्डौरी, शहडोल, उमरिया, बालाघाट तथा अनूपपुर की बैगा आदिम जनजाति तथा जिला छिंदवाड़ा तथा सिवनी की भारिया जनजाति का है एवं पद कोड- P05, P06, P07 एवं P08 हेतु आवेदन करता है और विज्ञापित पद के लिए विहित की गई न्यूनतम अर्हता (शैक्षणिक एवं कार्यानुभव, जैसा भी लागू हो) रखता है, तो उसे भर्ती प्रक्रिया को अपनाये बिना उक्त पद पर नियुक्त किया जावेगा। ऐसे उम्मीदवारों की संबंधित पद पर नियुक्ति, निर्धारित आवश्यक शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांकों के आधार पर, मेरिट अनुसार, अनुसूचित जनजाति के विज्ञापित पदों के विरुद्ध ही की जावेगी। अत: आवेदको को सलाह दी जाती है कि वे कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (Computer Based Test) (CBT) मे सम्मिलित होकर सामान्य भर्ती प्रक्रिया मे भी भाग ले।
8. सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के पत्र/ परिपत्र क्र. एफ-07-11/2019/आ.प्र/एक भोपाल दिनांक 02/07/2019, क्रमांक एफ-07-11/2019/आ.प्र/एक भोपाल दिनांक 18/07/2019 एवं क्रमांक एफ-07-11/2019/आ.प्र/एक भोपाल दिनांक 22/11/2019 अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग हेतु नियमानुसार आरक्षण का प्रावधान रहेगा ।

9. म.प्र. राज्य के अलावा अन्य राज्य के अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति/ अन्य पिछडा वर्ग/ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/ दिव्यांगजन/ महिला/ भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी अनारक्षित श्रेणी अंतर्गत ही मान्य किये जायेंगे ।
10. विज्ञापित पदों हेतु परीक्षा परिणाम (लिखित परीक्षा) घोषित किये जाने के पूर्व सीधी भर्ती के संदर्भ में आरक्षण नियमों में कोई भी संशोधन किये जाने की स्थिति में, संशोधित नियमों का पालन किया जावेगा एवं तदानुसार ही परीक्षा परिणाम को घोषित किया जावेगा ।

**5. <u>सामान्य शर्ते, निर्देश एवं सूचना</u>**

1. उम्मीदवार को भारत का नागरिक होना चाहिये ।
2. आवेदक ऑनलाइन आवेदन के पूर्व भर्ती नियम एवं शर्तों का विस्तृत एवं सूक्ष्मता से अध्ययन करना सुनिश्चित कर लेवें ।
3. आवेदक, आवेदित किये जाने वाले पद हेतु विज्ञापन/ नियम पुस्तिका मे विहित प्रावधानानुसार अपनी अर्हता एवं अन्य नियमो का सूक्ष्मता से अध्ययन करना सुनिश्चित कर लेवें ।
4. आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन मे पंजीकृत ई-मेल आई.डी एवं मोबाईल नंबर का आगामी एक वर्ष तक क्रियाशील होना आवश्यक है। आवेदक द्वारा ऑनलाइन आवेदन मे ई-मेल आई.डी एवं मोबाईल नंबर का पंजीयन किये जाने के उपरांत परिवर्तन हेतु कोई अनुरोध स्वीकार नही किया जायेगा। कंपनी द्वारा सभी महत्वपूर्ण पत्राचार ऑनलाइन आवेदन मे आवेदक द्वारा पंजीकृत ई-मेल आई.डी अथवा मोबाईल नंबर पर ही किये जायेगे।
5. कोई भी उम्मीदवार जिसकी दो से अधिक जीवित संतान हैं, जिनमें से एक का जन्म 26/01/2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नही होगा । परंतु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26/01/2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी भी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नही होगा ।
6. अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमी लेयर) श्रेणी के उम्मीदवारों को सक्षम अधिकारी (तहसीलदार से अनिम्न श्रेणी का) द्वारा जारी वैध एवं मान्य आय प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा ।
7. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग से संबंधित अभ्यर्थियों को म.प्र. शासन के तहसीलदार से अनिम्न श्रेणी के अधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति का वैध एवं मान्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

8. उक्त विज्ञापित पदों हेतु जातिगत आरक्षण का लाभ केवल ऐसे अभ्यर्थियों पर लागू होगा, जिनका जाति प्रमाण पत्र मध्य प्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी किया गया हो । इस हेतु उम्मीदवार को दस्तावेज सत्यापन हेतु बुलाये जाने पर मध्य प्रदेश राज्य के अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र की प्रति, मध्य प्रदेश के मूल/ स्थायी निवास प्रमाण पत्र के साथ स्वप्रमाणित कर जमा करना होगा।
9. दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को जिला मेडिकल बोर्ड/ सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थायी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।
10. ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने विवाह के लिए निर्धारित न्यूनतम आयु से पहले विवाह किया है, वे म.प्र. शासन के असाधारण राजपत्र द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 10/03/2000 के अनुसार आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं ।
11. सामान्य प्रशासन विभाग, म.प्र. शासन के आदेश क्रमांक सी 3-17-96-2-1 भोपाल दिनांक 25/10/1996 में निहित प्रावधानानुसार ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे महिलाओं के खिलाफ अपराध हेतु दोषी ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा ।
12. मध्य प्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड द्वारा आवश्यकतानुसार पदों की संख्या में परिवर्तन किया जा सकता है ।
13. आवेदक के पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हताये एवं कार्यानुभव, आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व अनिवार्य रूप से पूर्ण होनी चाहिये । आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात किसी भी दिनांक को अर्हतायें अर्जित करने वाले अभ्यर्थियों को विज्ञापित पदों के लिये पात्रता नही होगी ।
14. ऐसे अभ्यर्थी जो शासकीय/ अर्धशासकीय/ सार्वजनिक उपक्रम/ पूर्ववर्ती म.प्र. राज्य विद्युत मण्डल की उत्तरवर्ती कंपनियो में कार्यरत हैं एवं वे विज्ञापित पदों में से जिस पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं उस पद हेतु विहित की गयी न्यूनतम अर्हता एवं आयु सीमा संबंधी सभी मापदण्डों को पूर्ण करते हों, उन्हें दस्तावेज सत्यापन के दौरान वर्तमान नियोक्ता द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा उनकी उम्मीदवारी पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।
15. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (केवल गैर क्रीमीलेयर), आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, दिव्यांगजन, महिला आवेदक, जो आरक्षण का लाभ लेना चाहते हैं, उन्हें म.प्र. शासन के वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र/ आय एवं सम्पत्ति प्रमाण पत्र/ स्थायी दिव्यांगता का प्रमाण पत्र/ म.प्र. का मूल निवासी/ स्थायी निवासी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज सत्यापन के दौरान प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा । यदि अभ्यर्थी ऐसे प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने मे असफल रहता है तो ऐसे अभ्यर्थी की उम्मीदवारी या चयन का दावा रद्द हो जाएगा। उम्मीदवारी एवं चयन का दावा रद्द होने का दायित्व सिर्फ अभ्यर्थी का होगा ।

16. जाति प्रमाण पत्र/ आय एवं परिसम्पत्ति प्रमाण पत्र (विज्ञापन वर्ष में मान्य एवं वैध)/ दिव्यांगता प्रमाण पत्र/ म.प्र. का मूल निवासी/ स्थायी निवासी प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज, आवेदन की अंतिम तिथि के पूर्व का जारी किया होना अनिवार्य है । आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात जारी किये गये प्रमाण पत्र मान्य नही किये जायेगे ।

17. उम्मीदवारों को पूर्ण रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है एवं म.प्र. राज्य के जिला/ संभागीय मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जमा करना अनिवार्य होगा ।

